भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3152

09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आन्ध्र प्रदेश में आयुष एचडब्ल्यूसी

3152. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः

श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लिः

श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टीः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश, विशेषकर विशाखापट्टनम, चित्तूर और विजयनगरम में स्थापित और प्रचालित आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त जिलों में आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) की स्थापना और प्रचालन के लिए निधि के आबंटन, संवितरण और उपयोग का एचडब्ल्यूसी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त जिले में आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों को और विकसित करने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश राज्य सरकार की कोई नियोजित परियोजना या प्रस्ताव लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त जिलों में आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों की स्थापना में आई किसी चुनौती या देरी का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के अधीन, आयुष मंत्रालय द्वारा गत पांच वर्षों के दौरान राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आंध्र प्रदेश में परिचालन के लिए वर्तमान आयुष औषधालयों को उन्नत करके 126 आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के रूप में जाना जाता है) को स्वीकृति प्रदान की गई है। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार विशाखापट्टनम, चित्तूर और विजयनगरम जिलों में 13 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) सहित सभी 126 एएएम (आयुष) क्रियाशील हैं। आंध्र प्रदेश में अनुमोदित और क्रियाशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का जिला-वार विवरण **संलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ख): आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, गत पांच वर्षों के दौरान विशाखापट्टनम, के चित्तूर और विजयनगरम जिलों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के संचालन के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का एचडब्ल्यूसी-वार विवरण **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

(ग): जी नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****

संलग्नक-I

आंध्र प्रदेश में अनुमोदित और क्रियाशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का जिला-वार विवरण:

क्रं. सं.	**जिले का नाम**	**अनुमोदित एएएम (आयुष) की संख्या**	**क्रियाशील एएएम (आयुष) की संख्या**
1	अनंतपुर	2	2
2	**चित्तूर**	**4**	**4**
3	वाईएसआरकडप्पा	1	1
4	पूर्वी गोदावरी	4	4
5	गुंटूर	5	5
6	कृष्णा	10	10
7	कुरनूल	4	4
8	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	10	10
9	प्रकाशम	6	6
10	श्रीकाकुलम	8	8
11	**विशाखापट्टनम**	**2**	**2**
12	**विजयनगरम**	**6**	**6**
13	पश्चिमी गोदावरी	4	4
14	मन्याम	1	1
15	अनकापल्ली	6	6
16	अल्लूरी सीता राम राजू	0	0
17	काकीनाडा	5	5
18	कोनासीमा	4	4
19	एलुरु	7	7
20	एनटीआर	7	7
21	बापटला	5	5
22	पलनाडू	7	7
23	तिरुपति	4	4
24	अन्नमय्या	3	3
25	श्री सत्य साईं	6	6
26	नांद्याल	5	5
कुल		**126**	**126**

संलग्नक-II

विगत पांच वर्षों के दौरान, विशाखापट्टनम, चित्तूर और विजयनगरम जिलों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के संचालन के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का एचडब्ल्यूसी-वार विवरण:

(राशि रु. में)

क्रं. सं.	**आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का नाम**	**नया जिला**	**पुराना जिला**	**राज्य सरकार द्वारा आवंटित राशि**	**राज्य सरकार द्वारा रिपोर्ट किया गया व्यय**
1	एएएम बुसईवलासा	विजयनगरम	विजयनगरम	856000	834748
2	एएएम बोंडापल्ली	विजयनगरम	विजयनगरम	605000	0
3	एएएम कोमातिपल्ली	विजयनगरम	विजयनगरम	886000	870348
4	एएएम संकिली	विजयनगरम	विजयनगरम	856000	816598
5	एएएम विजयनगरम	विजयनगरम	विजयनगरम	707000	684621
6	एएएम राकोडु	विजयनगरम	विजयनगरम	655000	391303
7	एएएम बुर्जा	पार्वतीपुरम मन्यम जिला	विजयनगरम	856000	842429
8	एएएम मधुरवाड़ा	विशाखापट्टनम	विशाखापट्टनम	856000	834533
9	एएएम सिंहाचलम	विशाखापट्टनम	विशाखापट्टनम	655000	360803
10	एएएम अनकापल्ली	अनकापल्ली	विशाखापट्टनम	856000	816672
11	एएएम कन्नूरुपलेम	अनकापल्ली	विशाखापट्टनम	856000	833635
12	एएएम कोरुपरोलु	अनकापल्ली	विशाखापट्टनम	929000	917034
13	एएएम नरसीपट्टनम	अनकापल्ली	विशाखापट्टनम	605000	310803
14	एएएम वेम्पादु	अनकापल्ली	विशाखापट्टनम	856000	834913
15	एएएम एम कोडुरु	अनकापल्ली	विशाखापट्टनम	956000	940789
16	एएएम चित्तूर	चित्तूर	चित्तूर	856000	840848
17	एएएम कुप्पम	चित्तूर	चित्तूर	605000	109803
18	एएएम चित्तूर	चित्तूर	चित्तूर	856000	832848
19	एएएम पालमनेरु	चित्तूर	चित्तूर	856000	832848
20	एएएम चेंगनागुंटा	चित्तूर	चित्तूर	944000	908474
21	एएएम कुरुगोंडा	तिरुपति	चित्तूर	876000	862329
22	एएएम मोमिदी	तिरुपति	चित्तूर	816000	801721
23	एएएम मंगलम परियोजना	तिरुपति	चित्तूर	856000	829848